भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †203
उत्तर देने की तारीख 20 जुलाई, 2026
29 आषाढ़, 1948 (शक)

लक्षद्वीप में खेलों को बढ़ावा देना

†203. श्री हमदुल्ला सईद :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का खेलो इंडिया कार्यक्रम के लाभों का विस्तार संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप में करने का विचार है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत लक्षद्वीप में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता का आकलन किया है;

(ग) क्या उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत उक्त क्षेत्र को शामिल करने के लिए लक्षद्वीप प्रशासन या जनप्रतिनिधियों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा लक्षद्वीप के युवाओं के बीच खेल अवसंरचना विकसित करने, प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने तथा खेल प्रतिभाओं की पहचान करने एवं उन्हें निखारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का विचार है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ) : खेलो इंडिया – राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम का लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र सहित देशभर में क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना, खेल प्रतिभा की पहचान एवं उनका संवर्धन और खेल पारितंत्र को सुदृढ़ करना है। खेलो इंडिया स्कीम एक मांग-आधारित स्कीम है। स्कीम के अंतर्गत, खेल अवसंरचना के विकास और अन्य घटकों के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों एवं अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता, अवसंरचना के अभावों, खेल क्षमता, क्रियान्वयन की तत्परता और स्कीम के अंतर्गत निधियों की उपलब्धता के अनुरूप ही वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विचार किया जाता है। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र सहित देशभर में उपलब्ध खेलो इंडिया

केंद्र (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई, खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियां (केआईएए) और खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) जैसी विभिन्न खेल सुविधाओं का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

*****